# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–147/2026*

## राज्यपाल ने बिहार लोक भवन में आयोजित डॉ० अरविन्द पनगढ़िया के विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में भाग लिया

**पटना 09 अगस्त, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में आयोजित नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं एसआईपीए, कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ० अरविन्द पनगढ़िया के विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में भाग लिया। व्याख्यान का विषय "राज्यों के विकास की दिशा में बदलाव– शहरीकरण, रोजगार और सुधार" था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आईएएस अधिकारी श्री एम०ए० इब्राहिमी ने की।

अपने व्याख्यान में डॉ० पनगढ़िया ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तेज शहरीकरण, रोजगार के अवसरों का सृजन, शहरी भूमि का बेहतर उपयोग, मजबूत बुनियादी सुविधाएँ, सुशासन, वित्तीय अनुशासन, श्रम क्षेत्र में सुधार, बिजली व्यवस्था में सुधार और व्यापार को आसान बनाना आर्थिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने भारतीय शहरों को रोजगार के अधिक अवसर देने वाला और रोजगार के अनुकूल बनाने पर विशेष जोर दिया। इसके लिए भूमि की आसान उपलब्धता, विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए भूमि के उपयोग को बढ़ावा देने, प्रवासी श्रमिकों के लिए बेहतर आवास तथा नए रोजगार केंद्र विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा राज्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

डॉ० पनगढ़िया ने कहा कि भारत के विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों को अपनी नीतियों और कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार लाने होंगे। उन्होंने आर्थिक विकास को गति देने के लिए सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय की भी आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, बिहार सरकार के वरीय अधिकारी, नालंदा विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, विभिन्न संस्थानों के शोधार्थी तथा व्यवसाय और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

.......................................